जब जब मैं तुमको याद करू | By Kukki Arora

जब जब मैं तुमको याद करू......2
तुम दौड़े दौड़े आते हो........2
यह कौन सा रिश्ता यह कौन सा नाता
यह कौन सा रिश्ता सांवरिया
जिसे हर पल आप निभाते हो

कभी बेटा बनकर आते हो
कभी मेरे पिता बन जाते हो.....2
कभी मां बनकर मेरे श्याम धनी
गोदी मे लाड लड़ाते हो
कभी बेटी बनकर सांवरिया
मेरा जग में मान बढ़ाते हो......2
यह कौन सा रिश्ता ....

इतना अनजान हूं मैं बाबा
तेरी महिमा जान ना पाता हूं.....2
हर रूप मैं मेरे साथ है तू
तुझको पहचान ना पाता हूं....2
हर सुख दुख में मेरे सांवरिया
मेरे सर पर हाथ फिराते हो.....2
यह कौन सा रिश्ता ....

मेरा जीवन श्याम संवार दिया
हर दुख से मुझे उबार दिया.....2
कैसे मैं करू तेरा शुकराना
हंसता खेलता परिवार दिया.....2
कुक्की की बगिया मैं बाबा
तुम ही तो फूल खिलाते हो......2
जब जब मैं तुमको याद करू......2
तुम दौड़े दौड़े आते हो........2
यह कौन सा रिश्ता यह कौन सा नाता
यह कौन सा रिश्ता सांवरिया
जिसे हर पल आप निभाते हो

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%9c%e0%a4%ac-%e0%a4%9c%e0%a4%ac-%e0%a4%ae%e0%a5%88%e0%a4%82-%e0%a4%a4%e0%a5%81%e0%a4%ae%e0%a4%95%e0%a5%8b-%e0%a4%af%e0%a4%be%e0%a4%a6-%e0%a4%95%e0%a4%b0%e0%a5%82-by-kukki-arora/